भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5411**

03 अप्रैल, 2025 को उत्तर देने के लिए

## नागौर में मेगा फूड पार्क

**5411. श्री हनुमान बेनीवाल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार राज्यों को मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से स्थापित मेगा फूड पार्कों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार का नागौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध कृषि उत्पादों को ध्यान में रखते हुए मेगा फूड पार्क स्थापित करने का विचार है; और

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमएसकेवाई) की एक घटक योजना, मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) को लागू कर रहा है। चूंकि मंत्रालय स्वयं ऐसी परियोजनाएं स्थापित नहीं करता है, इसलिए यह योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से इच्छुक संस्थाओं/संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। मेगा फूड पार्क योजनाओं के तहत राज्यवार आवंटन नहीं किया गया है। 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ सरकार ने 01.04.2021 से इस योजना को बंद कर दिया है। योजना की शुरुआत से, राजस्थान राज्य में सरकार द्वारा दो मेगा फूड पार्क को मंजूरी दी गई है। इसमें से एक मेगा फूड पार्क को पिछले पांच वर्षों के दौरान मंजूरी दी गई है। राजस्थान राज्य में मेगा फूड पार्क योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण उनकी स्थिति के साथ **अनुबंध** में है।

**(ख) से (घ):** ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि योजना 01.04.2021 से बंद कर दी गई है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 03 अप्रैल, 2025 को उत्तर हेतु नागौर में मेगा फूड पार्क के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5411 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **एसपीवी/आईए नाम** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **जिले का नाम** | **अंतिम अनुमोदन की तिथि** | **कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)** | **स्वीकृत अनुदान (रुपये करोड़ में)** | **जारी अनुदान (करोड़ रुपये में)** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | 19-फरवरी-2014 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | प्रचालित |
| श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | बीकानेर | 7-अप्रैल-2022 | 132.81 | 50 | 5.71 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |